समाचार

# शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल हेतु स्थल निरीक्षण किया महापौर ने



कोरबा 30 जून 2020 —महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने तथा इस हेतु भवन निर्माण हेतु आज पम्प हाउस कालोनी में स्थल निरीक्षण किया एवं तत्संबंध में आवश्यक पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश अभियंताओं को दिए। इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री एस.जयवर्धन, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री कुंदन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर भी उनके साथ थे।

शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल का संचालन किया जाना हैं, स्कूल हेतु भवन के निर्माण एवं वहां पर आवश्यक व्यवस्थाओं व सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस कालोनी स्थित विद्यालय परिसर में स्थल का निरीक्षण किया। उन्होने निगम के अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा कि डी.पी.एस. व बिलियंट पब्लिक स्कूल के मापदण्डों के अनुरूप शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने के लिए भवन व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कराया जाए, ताकि प्रकरण पर आगामी कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा इस कार्य हेतु 01 करोड़ रूपये की राशि की स्वीकृति पूर्व में दी जा चुकी है, उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल इंग्लिश मीडियम स्कूल के निर्वाध संचालन हेतु कृतसंकल्पित हैं। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, एस.मूर्ति, पूर्व पार्षद रामगोपाल यादव, विद्यालय की प्राचार्य अनिता ओरी आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।